e-mail : eejalgraminbanda@gmail.com
Mob. : +91 9473941981

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

गेट न0–2, जल शोधन संयन्त्र परिसर, भूरागढ़, बाँदा, पिनकोड–210001

पत्रांक– 325 /W-08 /12 दिनांक– 28/04/2026

सेवा में,
मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :–जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत विकासखण्ड–जसपुरा के ग्राम पंचायत नांदादेव के मजरा शंकरपुरवा में पेयजल आपूर्ति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक समाचार एजेन्सी खबर लहरिया द्वारा दिनांक 28.04.2026 को सोशल मीडिया चैनल पर प्रचारित कनेक्शन है, पानी नहीं के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि न्यू रेट्रोफिटिंग कार्यों के अन्तर्गत नांदादेव ग्राम पेयजल योजना में 150 किली0 पानी की टंकी, 02 नग नलकूप व पम्प हाउस का निर्माण किया गया है एवं 24.5 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर ग्राम नांदादेव, भाथा तथा मजरा मथुरापुरी व शंकरपुरी में 702 नग गृह जल संयोजन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति संचालित की जा रही है। योजनान्तर्गत अनुबन्धित कार्यदायी संस्था मैसर्स चन्देल कान्ट्रैक्टर वर्क्स बांदा द्वारा विगत 01 वर्ष से अधिक समय से भुगतान न होनें के कारण ग्राम में स्लूसवॉल, पैच मरम्मत आदि के कार्यों में रूचि नहीं ली जा रही है जिस कारण शंकरपुरवा मजरे के 50 घरों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित है वर्तमान में यथासंभव संचालन एवं अनुरक्षण हेतु नामित फर्म मैसर्स ईगल इन्फ्रा इण्डिया लि0, द्वारा आवश्यक कार्य कराते हुए शत्–प्रतिशत पेयजल आपूर्ति कराया जाना लक्षित है।

भवदीय

(विमल कुमार वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
**प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1- मुख्य अभियंता (बुंदेलखण्ड क्षेत्र) उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) झांसी।
2- अधीक्षण अभियंता, मण्डल कार्यालय उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बांदा।
3- जिलाधिकारी, बांदा।
4- अपर जिलाधिकारी, (नमामि गंगे) बांदा।
5- सम्बन्धित सहायक अभियंता/जूनियर इंजीनियर खण्डान्तर्गत।
6- मैसर्स ईगल इन्फ्रा इण्डिया लि0 महाराष्ट्र।

अधिशासी अभियन्ता

G.D.

e-mail : eejalgraminbanda@gmail.com
Mob. : +91 9473941981

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)
## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
गेट न0–2, जल शोधन संयन्त्र परिसर, भूरागढ़, बाँदा, पिनकोड–210001

पत्रांक– 326 / W-08 / 13 दिनांक– 28 / 04 /2026

मैसर्स चन्देल कान्ट्रैक्टर वर्क्स,
पल्हरी रोड बांदा।

विषय :–जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत विकासखण्ड–जसपुरा के ग्राम पंचायत नांदादेव के मजरा शंकरपुरवा में पेयजल आपूर्ति न कराए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक समाचार एजेन्सी खबर लहरिया द्वारा दिनांक 28.04.2026 को सोशल मीडिया चैनल पर प्रचारित कनेक्शन है, पानी नहीं के सम्बन्ध में आप भलीभांति अवगत है कि न्यू रेट्रोफिटिंग कार्यों के अन्तर्गत नांदादेव ग्राम पेयजल योजना में 150 किली0 पानी की टंकी, 02 नग नलकूप व पम्प हाउस का निर्माण किया गया है एवं 24.5 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर ग्राम नांदादेव, भाथा तथा मजरा मथुरापुरी व शंकरपुरी में 702 नग गृह जल संयोजन का कार्य आपकी फर्म द्वारा कराया गया है किन्तु समाचार में प्रचारित मजरे शंकरपुरवा में पाइप लाइन टेस्टिंग, स्लूसवॉल/स्कावर वॉल/एअर वॉल अधिष्ठापन, पैच मरम्मत, कनेक्शन ग्राउटिंग, टोटी लगाने व जल जीवन मिशन के लोगो व स्लोगन लेखन आदि संबंधी कार्य अभी भी पूर्ण नहीं है जिस कारण उक्त प्रकार की खबरें प्रसारित हो रही है जिससे विभागीय छवि धूमिल हो रही है। अनुबन्ध अन्तर्गत अवशेष कार्यों को पूर्ण करने हेतु कई बार आपको सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर तथा विभागीय पत्राचार द्वारा अवगत कराया गया है किन्तु उक्त अवशेष कार्यों को पूर्ण करनें में आपकी फर्म द्वारा रूचि नहीं ली जा रही है।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि उक्त अवशेष कार्यों को 01 सप्ताह के अन्दर पूर्ण कराते हुए मजरा शंकरपुरवा में पेयजलापूर्ति प्रारम्भ कराते हुए अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करे जिससे उच्चाधिकारियों को इस सम्बन्ध में सूचना प्रेषित किया जा सके। उक्त मजरे में पेयजल आपूर्ति न होनें की दशा में उच्चाधिकारियों द्वारा की गई किसी भी कार्यवाही हेतु आपकी फर्म स्वयं उत्तरदायी होगी।

भवदीय

(विमल कुमार वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

**प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1- मुख्य अभियंता (बुंदेलखण्ड क्षेत्र) उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) झांसी।
2- अधीक्षण अभियंता, मण्डल कार्यालय उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बांदा।
3- जिलाधिकारी, बांदा।
4- अपर जिलाधिकारी, (नमामि गंगे) बांदा।
5- सम्बन्धित सहायक अभियंता/जूनियर इंजीनियर खण्डान्तर्गत।

अधिशासी अभियन्ता

G.D.